पेज थ्री देहरादून

भाजपा कार्यालय दो दिन बंद करने का निर्णय।

देहरादून रविवार 30 अगस्त 2020

पेज 8




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने रामेंद्र सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आकाशवाणी देहरादून के कार्यक्रम प्रमुख रामेंद्र सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार जनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### एलॉटेड बजट से प्रथम तल के लेंटर का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। मेयर सुनील उनियाल गामा ने राजकीय इंटर कॉलेज, डोभालवाला में नगर निगम द्वारा एलॉटेड बजट से प्रथम तल के लेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कहा गया कि निश्चित रूप से प्रथम तल के निर्माण उपरांत विद्यालय एवं छात्र–छात्राओं को सहूलियत तो प्राप्त होगी ही साथ ही अन्य को–करिकुलर एक्टिविटीज हेतु भी विद्यालय में पर्याप्त स्थान की पूर्ति सुनिश्चित होगी। इस मौके पर मेयर सुनील उनियाल गामा ने कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षक गणों एवं छात्र–छात्राओं को भविष्य की बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### वेंडर लाइसेंस केवल राज्य के मूल निवासी को ही मिले

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर संयोजक सुनील ध्यानी ने कहा है कि नगर निगम के मेयर सुनील उनियाल गामा द्वारा देहरादून नगर निगम क्षेत्र में 19 वेंडर जोन 6 नम्बर पुलिया के वेंडर जोन की तर्ज पर बनाया जायेगा और इसके लिए अभी तक कोई रणनीति तैयार नहीं की गई है। यहां जारी एक बयान में उत्तराखंड क्रान्ति दल के महानगर संयोजक सुनील ध्यानी द्वारा पूर्व में वेंडर जोन का स्वागत किया। 6 नम्बर पुलिया में स्थित वेंडर जोन पर आज भी गोंडा, बस्ती, बिजनोर और बिहार के लोग जो मूल निवासी नही है उन्ही को फड़ आवंटित किया गया।

### क्षेत्रीय जनता में विभाग के प्रति बढ़ता जा रहा रोष

**संवाददातां** देहरादून। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नौलापानी– भैंसगांव–नारी–सतेराखाल मोटर मार्ग की दयनीय स्थिति बनी हुई है। सड़क की बदहाल स्थिति कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना को न्यौता दे सकती है। यह मोटर मार्ग सतेराखाल– खतेणा–नारी–पोला–भैंसगांव व क्षेत्र के अन्य गावों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ता है। इस मोटर मार्ग का कार्य लगभग दस वर्ष पहले शुरु हुआ था लेकिन सड़क की पूरी कटिंग नवम्बर 2017 में जनसहयोग से हुई थी। लेकिन उसके बाद अभी तक न तो डामरीकरण की प्रकिया पूरी हुई और न ही काश्तकारों का मुआवजा वितरित हुआ। जिससे क्षेत्रीय जनता में विभाग के प्रति रोष दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

# प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ करेंगे आंदोलन

**निशाना**

■ सरकार ने सभी व्यवसायों को बंद किया है लेकिन शराब को 11 बजे तक खुला रखा

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा है कि प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ शीघ्र ही घनसाली से आंदोलन की शुरूआत की जायेगी।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लॉक डाउन के दौरान की सभी कांग्रेस के सदस्यों से चर्चा और कुमाऊं मण्डल में भी उन्होंने भ्रमण किया और उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने सभी व्यवसायों को बंद किया है लेकिन शराब को 11 बजे तक खुला रखेगे और बाकी किसी व्यवसाय के बारे में सरकार कोई ध्यान नही दे रही है सभी व्यवसाय ठप पड़े है तथा सरकार कोई भी आकलन व्यवसायियों के लिए नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय (फाइल फोटो)।

वायरस कोविड 19 संक्रमण काल से चारधाम यात्रा प्रभावित हुई है जिससे गाड़ी व्यवसाय करने वालो को काफी समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार व राज्यपाल से आग्रह करते है कि एक आकलन किया जाए कि कितना नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए क्या कर रहे है और व्यवसायियों को राहत देने का काम सरकार को करना चाहिए सरकार बताए कि उन्होंने कितने लोगों को लोन में राहत दी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का 60 प्रतिशत जनमानस बेरोजगार है बेरोजगार लगातार आत्म हत्या कर रहे है सरकार किसी की कोई मदद नही कर रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार कार्यालय में दस लाख बेरोजगार युवा है और पांच लाख के करीब प्रवासी आये हुए और बेरोजगारों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों का भी कोई कर्ज माफ नही किया गया है और सरकार भ्रष्टाचार में डूबती जा रही है और लोनिवि में 30 से 40 प्रतिशत पैसा भ्रष्टाचार में जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई में 60 प्रतिशत पैसा भ्रष्टाचार में जा रहा है और सीधे सीधे 6 प्रतिशत विध ाायको की जेब मे जा रहा है और ऐसे में ई टेडरिंग का क्या औचित्य है और नेशनल हाईवे अथारिटी में भी व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है और 28 किलोमीटर की सड़क पर 280 करोड रूपये खर्च हो गया है लेकिन सड़कों की स्थिति जस की तस है। सड़कों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के कार्य किये जाने की आवश्यकता है और प्रदेश सरकार को इसके लिए जल्द ही ठोस नीति तैयार करनी होगी।। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विकास भवन मे प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री कार्यालय में मेयर सुनील उनियाल गामा की बेटी को उनके पद को देखते हुए उन को लाभ पहुंचाने की मंशा से उनकी पुत्री की नियुक्ति किए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विकास भवन मे प्रदर्शन किया। आज युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नेगी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में इकटठा हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए विकास भवन पहुंचे और वहां पर पुलिस ने प्रवेश द्वार को बंद कर दिया और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गेट पर प्रदर्शन किया और धरना दिया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सक्षम अधिकारी से मौके पर आने पर पूछा गया कि बिना किसी विज्ञप्ति के बिना प्रतिभागियों के श्रेया उनियाल की नियुक्ति क्यों की गयी और राज्य के युवाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए जम्मू कश्मीर निवासी अमरदीप सिंह को नियुक्ति क्यों दी गई है और क्या पीआरडी मुख्यालय मेयर सुनील उनियाल गामा के दबाव में काम कर रहा है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने खुद को किया आइसोलेट

**कोरोना कहर**

■ प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत कोरोना संक्रमित


देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी मिलने के बाद अपने आप को यमुना कॉलोनी स्थित आर–1 शासकीय आवास पर सेल्फ आइसोलेट किया है।

शनिवार को उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने जानकारी दी कि वह सेल्फ आइसोलेट होंगे एवं शीघ्र ही अपने एवं परिवार का कोरोना टेस्ट करवाएंगे। इस दौरान

#### मुख्यमंत्री ने भी खुद किया था सेल्फ आइसोलेट

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी तीन दिनों के लिए खुद को सेल्फ आइसोलेट किया था। निजी सुरक्षा अधिकारी के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया था। मुख्यमंत्री ने स्वयं ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी।



विधानसभा अध्यक्ष ने अपने सभी कार्यक्रम एवं बैठकों को भी स्थगित किया है। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने भेंट करने वाले सभी लोगों से अगली सूचना तक उनसे ना मिलने की भी अपील की है।

आपको बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के प्रदेश अध यक्ष बंशीधर भगत के कोरोना पॉजिटिव आने पर यह कदम उठाया है। क्योंकि कुछ दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष की भेंट विधानसभा अध्यक्ष से भी हुई थी।

बीते सोमवार को मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार आलोक भट्ट कोरोना संक्रमित पाए गए थे। इसके बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में कार्यरत स्टाफ एवं सुरक्षा कर्मियों का कोरोना टेस्ट कराया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी सपरिवार एंटीजन टेस्ट कराया।

कुल 107 व्यक्तियों का टेस्ट हुआ, जिनमें से दो संक्रमित पाए गए। दूसरा संक्रमित उनके ऑफिस स्टॉफ का ड्राइवर है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा था कि कि अगले तीन दिन वह आइसोलेशन में रहेंगे और आवास से ही राज्य के विकास संबंधी कार्यक्रमों पर वचुर्अली नजर रखेंगे। दैकिन जागरण से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। एंटीजन टेस्ट निगेटिव होने के बावजूद अगर कोरोना संक्रमण के कुछ लक्षण दिखे तो फिर दो–तीन बाद कोरोना टेस्ट कराएंगे।

### प्रीतम सिंह चकराता का चकोर हैः संजय भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस उत्तराखण्ड के निवर्तमान प्रदेश प्रवक्ता संजय भट्ट ने कांग्रेस से निष्कासन के बाद प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पर सत्ता पक्ष से मिले होने व क्षेत्रवाद फैलाते हुए गढ़वालियों व कुमाउनियों से पृथक उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन का बदला लेने का आरोप लगाया। उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह को चकराता का चकोर बताते हुए कहा कि प्रीतम सिंह सिर्फ चकराता में लोगों को कांग्रेस से जोड़ रहे है। शायद प्रीतम सिंह को लगता है चकराता की विधानसभा सीट से ही उत्तराखण्ड में 2022 में कांग्रेस की सरकार आएगी। भट्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूरी वाला बंगला प्रीतम सिंह को आवंटित करने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इससे कोर्ट के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्रीयों से सरकारी मकान खाली करवाने का कोई लाभ प्रदेश को नहीं हुआ।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।